राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–1

राजभवन देहरादून 11 नवम्बर, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से सोमवार को राजभवन में एनसीसी निदेशालय, जम्मू के जूनियर अंडर ऑफिसर हारून इम्तियाज ने भेंट की। इस अवसर पर हारून ने राज्यपाल को ''राष्ट्रीय राइफल्सः इंडियन आर्मी'' पुस्तक भेंट की, जिसे उन्होंने एनसीसी कैडेट जानवी के साथ सह–लेखक के रूप में लिखा है। यह पुस्तक राष्ट्रीय राइफल्स के गौरवशाली इतिहास, संचालन कौशल, समर्पण और बहादुर सैनिकों की प्रेरणादायक कहानियों के माध्यम से उनके योगदान को उजागर करती है।

राज्यपाल ने इस पुस्तक को लिखने के लिए हारून की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्हें भी कश्मीर में राष्ट्रीय राइफल्स में सेवा देने का सौभाग्य मिला है, और इस पुस्तक ने उन्हें अपनी सेवा के अद्वितीय अनुभवों को फिर से जीने का अवसर प्रदान किया है। उन्होंने हारून की रिसर्च और भारतीय सेना के गौरवशाली इतिहास को इतने युवा उम्र में प्रस्तुत करने के प्रयास की सराहना की। राज्यपाल ने कहा कि यह पुस्तक अन्य युवाओं को भी भारतीय सेना के योगदान उनके समर्पण के प्रति जागरूक करेगी।

............0............